शुक्रवार
30 दिसंबर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

फूड प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को दें ऋणः विशेष सचिव 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

भारतीय वायुसेना की बढ़ी ताकत

भारतीय वायुसेना ने गुरुवार को ब्रह्मोस एयर लॉन्च्ड मिसाइल के एक्सटेंडेड रेंज वर्जन का सफल परीक्षण किया। एसयू-30 एमकेआई विमान से इसे छोड़ा गया। इसने एक शिप को टारगेट किया। यह परीक्षण बंगाल की खाड़ी में हुआ। इसमें वायुसेना ने सभी लक्ष्यों को पूरा किया। इसके जरिये वायुसेना ने अपनी ताकत बढ़ाई है। वह एसयू-30 एमकेआई विमान से बहुत लंबी दूरी के टारगेट को नेस्तानाबूद कर सकती है। वायुसेना ने भविष्य की लड़ाइयों को ध्यान में रखकर इसका टेस्ट किया है। ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज बढ़ने से इसके दायरे में दुश्मन के ज्यादा इलाके आ जाएंगे। इसे विमान से छोड़ा जा सकता है। दुश्मन पर यह बिल्कुल सटीक निशाना साधने में समर्थ है। एक्सटेंडेड रेंज के तहत दूरी को 450 किमी तक बढ़ाया गया है। यह टेस्ट कई लिहाज से महत्वपूर्ण है। खासतौर से यह देखते हुए कि चीन के तेवर काफी आक्रामक हैं। वह जमीनी के साथ समुद्री ताकत को भी लगातार बढ़ाता जा रहा है। इसे देखते हुए भारत को हर स्थिति से तैयार रहने की जरूरत है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, Su-30 फाइटर एयरक्राफ्ट से दागे जाने के बाद मिसाइल ने शिप के बीचों-बीच टारगेट किया।

साल 2023... विश्व के दुश्मन देशों में बढ़ेगा तनावः द्विवेदी

केटी न्यूज/बक्सर

2023 ई सन के अनुसार शनिवार को साल 2022 का अंत और रविवार को साल 2023 का सूर्योदय पूरे विश्व में दुश्मन देशों में तनाव और बढ़ा सकता है। लंबे विवाद वाले विषय पर बड़े देश विजय पा सकते हैं। यह बातें आचार्य ज्योतिषाचार्य पंडित नरोत्तम द्विवेदी ने केशव टाइम्स से विशेष बातचीत में कही। उन्होंने वर्ष में भारत व विश्व के भविष्य के संदर्भ में कहा कि अनावश्यक विवाद और आतंकवाद को पनपाने या पनाह देने वाले देश स्वयं की गलती से बबार्दी की ओर अग्रसर होंगे।

भारत का प्रभाव पूरे विश्व की राजनीति में अपना स्थायी वर्चस्व बनाने में सफलता हासिल कर सकता है। द्विवेदी ने कहा कि भारत पूर्व में खोई भूमि, धनादि, प्रतिष्ठा को प्राप्त करने में कामयाब हो सकता है। 2023 में जनवरी, फरवरी और मार्च के प्रथम सप्ताह तक ठंढ का प्रचंड प्रकोप होने, पुराने रिकार्ड तोड़ने की स्थिति बन सकती है। हिन्दी मास माघ में सर्द, बर्फीली हवाएं, बर्फीले तूफान अनेक देशों में तबाही मचायेंगे। सागर भी अछूता नहीं रहेगा।

बिहार में जून-जुलाई तक हो सकता है सत्ता परिवर्तन

भारत के कई राज्यों में सत्ता परिवर्तन का योगः पंडित नरोत्तम ने कहा कि भारत के कई राज्यों में सत्ता परिवर्तन होने का योग है। बिहार में भी जून जुलाई तक सत्ता परिवर्तन या हस्तांतरण का योग बनेगा। देश के कई राज्यों में आंदोलन का प्रस्फुटन देखने को मिल सकता है। भारत में इस वर्ष औद्योगिक विकास तेज गति से होने का योग है। सरकारी कर्मचारी के सामने सरकार को झुकना पड़ेगा एवं वर्षो से लम्बित मांग को स्वीकारना पड़ सकता है। लेकिन इस वर्ष छोटे बच्चों से संबंधित नई बीमारी पनपने का योग है। वर्तमान वैश्विक महामारी का उतार चढ़ाव जारी रहेगा। भारत में इसका असर पहले की अपेक्षा कम होगा। भारत का हर क्षेत्र में वर्चस्व बढ़ेगा।

आचार्य ज्योतिषाचार्य पंडित नरोत्तम द्विवेदी के अनुसार 2023 का राशिनुसार फल

मेष-रोग,वाद विवाद तथा भाग्य बृद्धिकारक।
वृष-चोट,व्रत,रक्त विकार,विवाद, अग्नि,बिजली भय,और वर्षान्त में लाभ योग।भाग्य वृद्धि योग।
मिथुन-मानसिक व्यथा,चिन्ता,गैसादि रोग भय,किन्तु राजसुख योग।
कर्क-शत्रु से लाभ,ज्वर भय,शस्त्र भय, बिजली भय,पत्नि को पीड़ा, बीच-बीच में लाभादि योग।
सिंह-क्रूर बुद्धि, क्रोधाधिक्य,वातरोग भय,जल भय,कफ रोग भय,सर दर्द भय किन्तु राज प्रसन्नता वर्चस्व वृद्धि।
कन्या-नेत्र पीड़ा,गृहादि सुख बाधा, माता-पिता को कष्ट भय किन्तु सर्व कार्य सिद्धि योग। अप्रैल मई में दुर्घटना, भय।
तुला-वात,इन्फेक्शन जनित रोग भय, सहोदर कष्ट, गृहादि सुख वृद्धि, पत्नि को कष्ट भय। विप्र शत्रु भय,कफ रोग भय।
वृश्चिक-सहोदर कष्ट, वृत्ति प्राप्ति योग,अनुकुलता, सर दर्द भय, चोट भय, मई, जून में
धनु-क्रोध वृद्धि, बुखारादि भय धन वृद्धि, गृहादि वृद्धि योग ,व्रत भय, वर्ष के अन्त में हानि भय।
मकर-भाग्य वृद्धि योग,गृह निर्माण योग, माता-पिता को कष्ट भय, मुकदमा भय, राज भय।
कुंभ-धनादि वृद्धि योग,नेत्र रोग भय,भाग्य वृद्धि, अभीष्ट सिद्धि, कार्य सफलता।
मीन-सर्व कार्य सिद्धि,, नेत्र रोग भय,भाग्य वृद्धि योग,सर्वत्र लाभ, वाहन,वस्त्र, गृहादि सुख वृद्धि।

तिब्बती आध्यात्मिक गुरू दलाई लामा को कथित धमकी मिलने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

दलाई लामा की जासूसी के शक में चीनी महिला पुलिस हिरासत में

एजेंसी/बोधगया

- पुलिस हिरासत में ली गई चीनी महिला मिस सोंग शियाओलन बौद्ध भिक्षु के वेष में थी
- महिला के बारे में जब पुलिस को सूचना मिली तो सबसे पहले उसका स्केच जारी किया गया
- पूछताछ के बाद सब कुछ सामने आ पाएगा कि पूरा मामला क्या है

बोधगया के कालचक्र मैदान के पास से गुरुवार की शाम पुलिस ने एक चीनी महिला मिस सोंग शियाओलन को हिरासत में लिया है। महिला बौद्ध भिक्षु के वेष में थी। बताया जा रहा है कि वह साल 2020 से ही बोधगया में है। बीच में वह नेपाल भी गई थी। वह चीन में वॉलियंटर के रूप में काम करती थी। पकड़े जाने के बाद बोधगया थाने में उससे पुलिस पूछताछ कर रही है। गया के सिटी एसपी अशोक प्रसाद ने कहा कि बोधगया के एक गेस्ट हाउस से चीनी महिला को हिरासत में लिया गया है। महिला के पास से 2024 तक का वीजा है। महिला की उम्र 50 साल बताई जा रही है।

न्यूज एजेंसी एएनआई से एडीजी (मुख्यालय) जेएस गंगवार ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस ने तिब्बती आध्यात्मिक गुरू दलाई लामा को कथित धमकी के सिलसिले में बोधगया में संदिग्ध (चीनी) महिला को हिरासत में लिया है। आशंका जताई जा रहा है कि वह दलाई लामा की जासूसी कर रही थी। महिला से पूछताछ की जा रही है।



बौद्ध धर्मगुरू दलाई लामा।

पकड़ी गई चीनी महिला का स्कैच।

दलाई लामा का तीन दिवसीय प्रवचन शुरू

गुरुवार से ही दलाई लामा का कालचक्र मैदान में तीन दिवसीय प्रवचन शुरू हुआ है। चीनी महिला को यहीं से गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार की सुबह जैसे ही महिला के बारे में पुलिस को सूचना मिली थी तो सबसे पहले स्केच जारी किया गया। तुरंत पुलिस की टीम बनाई गई और महिला की तलाश शुरू कर दी गई। देर शाम जाकर महिला को कालचक्र मैदान के पास से पकड़ा गया।

पुलिस मुख्यालय ने जारी किया था अलर्ट

दलाई लामा एक महीने के प्रवास पर हैं। बोधगया में ही वह रहेंगे। उनके कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों से करीब दो लाख बौद्ध श्रद्धालुओं के आने संभावना है। महिला के बारे में यह जानकारी सामने आई थी कि वह दलाई लामा की जासूसी करने में थी। सूचना के बाद पुलिस मुख्यालय की ओर से अलर्ट जारी किया गया था। फिलहाल पूछताछ के बाद सब कुछ सामने आ पाएगा कि मामला क्या है।

महिला के बारे में दी गई थी ये जानकारी

गया की एसएसपी हरप्रीत कौर और पुलिस ने महिला का स्केच जारी कर लोगों से कहा था कि जैसे ही इसके बारे में कुछ पता चले तो वे इसकी जानकारी पुलिस को दें। स्केच के अलावा पुलिस ने चीनी महिला का पासपोर्ट नंबर भी जारी किया था। उसका वीजा नंबर 901BAAB2J है जबकि PP No- EH2722976 है। बताया गया था कि महिला बौद्ध भिक्षु के रूप में बोधगया पहुंची है।

आज पीएम मोदी वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी

पटना। वंदे भारत एक्सप्रेस का बिहार में परिचालन 30 दिसंबर से शुरू होगा। यह पहली वंदे भारत ट्रेन है जो बिहार के रस्ते से गुजरेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ड्रीम ट्रेनों में एक मानी जानी वाली वंदे भारत को शुक्रवार को पीएम मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री हावड़ा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलने वाली यह ट्रेन रास्ते में यह ट्रेन तीन स्टेशन- बारसोई, मालदा, बोलपुर आदि स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। इसमें बिहार में किशनगंज और बारसोई दो प्रमुख स्टेशन हैं जहां वंदे भारत का ठहराव होगा।

कोलकाता में होने वाले अलग अलग कार्यक्रमों में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी रहेंगे। वंदे भारत के बारसोई में ठहराव होने से बिहार के सीमांचल के इलाकों के आधा दर्जन से ज्यादा जिलों को बड़ा लाभ होगा। जानकारी के अनुसार अभी इस मार्ग पर औसतन करीब 10:45 घंटे में 564 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली 14 ट्रेन हैं। नई ट्रेन 7:45 घंटे में यह दूरी तय कर लेगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस ट्रेन में 16 डिब्बे होंगे. इनमें से दो डिब्बे चालकों के लिए होंगे। ट्रेन में दो एग्जीक्यूटिव कार जबकि बाकी सामान्य चेयर कार होंगी। प्रत्येक चेयर कार में 78 सीट होंगी।

विकास योजनाओं की आज समीक्षा करेंगे योगी

एजेंसी/वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत को जानने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम वाराणसी आएंगे। दो दिन के प्रवास पर यहां पहुंचने के बाद सबसे पहले मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वे शहर का भ्रमण कर निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री ठंड से बचाव के लिए किए जा रहे प्रशासनिक प्रयासों का भी हाल देखेंगे। इसके साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ जी-20 के सम्मेलन की तैयारियों पर भी बैठक करेंगे। जी-20 की बैठक की तैयारियों पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

वाराणसी में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर होने वाले विकास कार्यों की रुपरेखा पर भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पिछले दिनों निमार्णाधीन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और भविष्य में होने वाले कामों का विवरण तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री ने कहा था। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में तैयार की गई रिपोर्ट में जाम से निजात के लिए वरुणा नदी के समानांतर पुल व फ्लाईओवर, असि नदी के ऊपर से गुजरने वाली नई फोरलेन सड़क, नक्खी घाट अंडरपास के चौड़ीकरण का प्रस्ताव सहित अन्य परियोजनाओं पर चर्चा होने की उम्मीद है।

दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 356वें प्रकाश पर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री

हम सबों का फर्ज है कि सिख श्रद्धालुओं की सेवा करें: नीतीश

केटी न्यूज/पटना

दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 356वें प्रकाश पर्व में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। तख्त श्रीहरिमंदिर जी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने वाहे गुरुजी की खालसा वाहे गुरूजी की फतेह से अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 356वें प्रकाश पर्व में शामिल सभी श्रद्धालुओं, जत्थेदारों एवं सेवादारों का स्वागत करता हूं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर देश-विदेश से आए हुए श्रद्धालुओं को अपनी तरफ से और बिहारवासियों की तरफ से बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विशेष अवसर पर मैं आप सभी का विशेष तौर पर अभिनंदन करता हूं। दशमेश पिता सरबंसदानी श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का इस वर्ष 356वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म इसी धरती पर हुआ है यह हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है। हम सबों का फर्ज है कि सिख श्रद्धालुओं की सेवा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज, गुरु तेग बहादुर जी यहां आए थे। गुरु तेगबहादुर जी ने अपनी पत्नी को यहीं रहने दिया था और गुरु गोविंद सिंह जी का यहीं जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि गुरुनानक देव जी राजगीर भी पहुंचे थे। उस समय स्थानीय लोगों के अनुरोध पर उनके चरण स्पर्श मात्र से गर्म कुंड का पानी शीतल हो गया और तब से यह शीतल कुंड में तब्दील हो गया। राजगीर में शीतल कुंड के पास भव्य गुरुद्वारा का निर्माण किया गया है। राजगीर में गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में देश एवं देश के बाहर के सिख श्रद्धालु पहुंचते हैं।

सीएम ने राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

नीतीश कुमार ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों से आये जत्थेदारों, श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी द्वारा मुख्यमंत्री को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा बाल लाली मैणी संगत के लंगर हॉल में श्रद्धालुओं को लंगर परोसने के बाद स्वयं लंगर छका।

खबरें फटाफट

जमीनी विवाद में बुजुर्ग महिला की हत्या

सासाराम। जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के गोरारी गांव में भूमि विवाद में एक बुजुर्ग महिला और उसके बेटे को लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि घायल बेटे का इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोरारी गांव के बृजबिहारी तिवारी का 3 डिसमिल जमीन को लेकर अपने गांव के ही कुछ लोगों से विवाद था। उसी विवाद को लेकर आज दोनों पक्षों में झड़प हो गई। इस क्रम में मारपीट शुरू हो गई। दूसरे पक्ष द्वारा लाठी-डंडे से हमला किया गया, जिसमें बृजबिहारी तिवारी की पत्नी सुनर बासु देवी 60 साल एवं उसका बेटा मुन्ना कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र काराकाट ले गए, जहां चिकित्सकों ने सुनर वासु देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि बेटे का इलाज चल रहा है। वहीं बुजुर्ग महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव के साथ डेहरी-बिक्रमगंज सड़क को जाम कर दिया। परिजन वारदात को अंजाम देने वालों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंची काराकाट की पुलिस ने समझा-बुझा कर सड़क जाम हटाया।

डंपिंग केंद्र के खिलाफ ग्रामीणों का हल्ला बोल

आरा। जिले के कोइलवर प्रखण्ड के बहियारा गांव में आरा नगर निगम के द्वारा बनाये गए कचरा डंपिंग केंद्र से फैल रही दुर्गन्ध ने ग्रामवासियों की जिंदगी पर असर डालना शुरू कर दिया है। बहियारा गांव में आरा नगर निगम का कचरा डंपिंग केंद्र बनाए जाने और इससे गांव और आसपास के इलाकों में पर्यावरण पर खड़े हो गए खतरे को लेकर गुस्साएं बहियारा गांव के सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, लड़कियों, बच्चों और बुजुर्गों ने एकजुट होकर गांव के पास सड़क जाम कर प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी है। सोन नदी और बहियारा गांव के बिल्कुल करीब बनाये गए जिला प्रशासन के कचरा डंपिंग केंद्र को बन्द करने और अब तक यहां फेंके गए कचरे को अविलंब स्थानांतरित करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। बहियारा गांव के पास सड़क जाम से आरा नगर निगम की कचरा लाकर डंपिंग केंद्र में फेंकने वाली चार दर्जन गाड़ियां धरहरा से लेकर चांदी के बीच मुख्य सड़क पर जगह जगह रुकी रही। ग्रामीणों द्वारा किए गए सड़क जाम से कोइलवर, धनडीहा,चांदी मार्ग पर सैकड़ो गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। बाद में ग्रामीणों ने कचरा लदी गाड़ियों को रोक कर बाकी गाड़ियों को निकालना शुरू किया। ग्रामीणों के सड़क जाम कर गांव की सीमा से कचरा लदी गाड़ियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिए जाने के बाद आरा नगर निगम के प्रबंधक प्रदर्शनकारी ग्रामीणों से बातचीत करने पहुंचे।

अब जिले के टीबी मरीजों का होगा इंटरव्यू, ऑनलाइन फीड किया जाएगा जवाब

केटी न्यूज/बक्सर

- टीबी सेंटर, डब्ल्यूएचओ और पीसीआई संयुक्त रूप से अभियान में होंगे शामिल
- मरीजों से इलाज से लेकर दवाओं से संबंधित ली जाएगी जानकारी

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को गति देने और उसमें सुधार के लिए सरकार ने नई मुहिम शुरू की है। जिसके तहत अब जिले के टीबी मरीजों का इंटरव्यू लिया जाएगा। इसके लिए सरकार ने पॉपुलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) की दो सदस्यीय टीम भेजी है। जो मरीजों का इंटरव्यू करने के दौरान उनके दिए जवाबों को भारत सरकार द्वारा दिए गए एप पर प्रविष्ट करेंगे। इसके लिए जिले के सरकारी व प्राइवेट संस्थानों के स्तर से इलाजरत टीबी मरीजों के घर-घर जाकर इंटरव्यू करना है। साथ ही, इंटरव्यू के लिए 200 मरीजों को चिह्नित किया गया है। जिनके घर जाकर टीबी सेंटर, डब्ल्यूएचओ और पॉपुलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के लोग जाएंगे और उनसे मुखतिब होंगे। इस क्रम में सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ के निर्देश पर प्रखंडवार माइक्रो प्लान तैयार किया गया है। जिसके तहत इस अभियान को पूरा किया जाएगा।

जिले के बाहर रहने वाले मरीजों का नहीं होगा इंटरव्यू : जिला टीबी सेंटर के एसटीएलएस कुमार गौरव ने बताया कि सिविल सर्जन के निर्देश पर माइक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है । सोमवार से चौसा प्रखंड से मरीजों का इंटरव्यू लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस क्रम में चिह्नित मरीजों के घर जाकर उनसे मुलाकात की जाएगी। यदि मरीज जिले के बाहर का निवासी है, तो उनका इंटरव्यू नहीं होगा। जिले में इलाजरत टीबी मरीजों का ही इंटरव्यू होना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी के इलाज में सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी निःशुल्क सेवाओं और सुविधाओं की राह में आ रही बाधाओं को चिह्नित किया जाना है। ताकि, लोगों का इलाज और भी सुलभ व सुविधाजनक तरीके से किया जा सके।

माइक्रो प्लान बनाने के लिए चर्चा करते अधिकारी व कर्मचारी

विश्व के एक चौथायी टीबी मरीज भारत में

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यूएचओ) के एनटीईपी कंसल्टेंट डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ ने बताया, डब्ल्यूएचओ की 'द ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2019' के अनुसार भारत में टीबी मरीज दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। पूरी विश्व के एक चौथायी टीबी मरीज भारत में हैं। जिनमें एमडीआर और एसडीआर के मरीज की बहुतायता है। उन्होंने बताया कि ड्रग रेसिस्टेंट टीबी, टीबी की वह खतरनाक किस्म है, जिस पर दो सबसे ताकतवर एंटी टीबी ड्रग्स भी नाकाम साबित हो जाते हैं। दुनिया के जानेमाने स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे एक 'जिंदा बम' और 'भयंकर स्वास्थ्य संकट' का नाम दे चुके हैं। इससे भी अधिक टीबी एक ऐसी बीमारी है जो आपके जीवन के सबसे उत्पादक काल यानि 15-59 आयु वर्ग के लोगों को अपनी चपेट में लेती है।

लक्षण दिखने पर तत्काल कराएं जांच : जिला अस्पताल से प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी के मरीजों की जांच और इलाज की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। दवा भी मुफ्त दी जाती है। स्वास्थ्य केंद्रों पर बलगम की जांच माइक्रोस्कोप एवं टूनेट, सीबीनेट मशीन द्वारा निःशुल्क की जाती है। मरीजों की जांच के उपरांत टीबी की पुष्टि होने पर पूरा इलाज उनके घर पर ही डॉट प्रोवाइडर के माध्यम से निःशुल्क की जाती है। नए रोगी चिह्नित होने पर उनके पारिवारिक सदस्यों को भी टीबी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट दिया जाता है, ताकि परिवार के अन्य सदस्यों में टीबी बीमारी नहीं फैले। उन्होंने बताया कि टीबी के इलाज में सबसे जरूरी है लक्षणों की पहचान। जिन लोगों में सीने में दर्द, चक्कर, दो सप्ताह से ज्यादा खांसी या बुखार आनाए खांसी के साथ मुंह से खून आनाए भूख में कमीं और वजन कम होना आदि लक्षण हैं, तो वो टीबी की जांच अनिवार्य रूप से कराएं।

उद्योग विभाग के विशेष सचिव ने अधिकारियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

जिले में फूड प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को दें ऋण: विशेष सचिव

- 40 लाभुकों का चयन कर जनवरी के अंत तक ऋण वितरित करने का दिया लक्ष्य
- पीएमईजीपी कार्यक्रम के अंतर्गत 93 लोगों को ऋण किया गया स्वीकृत

केटी न्यूज/जहानाबाद

अधिकारियों के साथ बैठक करते विशेष सचिव व प्रभारी डीएम

जिले के खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में सक्रिय औद्योगिक इकाइयों को अपनी क्षमता का विस्तार के लिए तथा नए उद्यमियों को खाद्य प्रसंस्करण की इकाई स्थापित किया जाएगा। इस क्रम में प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। इस संबंध में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित उद्योग विभाग की समीक्षात्मक बैठक में विभाग के विशेष सचिव दिलीप कुमार ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुसार जहानाबाद जिले में 40 लाभुकों का चयन करते हुए जनवरी माह के अंत तक उन्हें ऋण वितरित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लाभुकों को सरकार की ओर से सब्सिडी दिए जाने का भी प्रावधान किया गया है। विशेष सचिव ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत भी जिन लोगों के ऋण स्वीकृत किए गए हैं उसका वितरण 26 जनवरी 2023 तक कर दें।

बैठक में प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त परितोष कुमार ने बताया कि जहानाबाद जिले में लक्ष्य के अनुसार पीएमईजीपी के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। आवश्यक कार्रवाई करते हुए इनका वितरण सभी बैंक सुनिश्चित करें। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सहदेव दास ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत सभी लाभुकों को प्रशिक्षण देने के बाद पहला किस्त दिया जा चुका है। पहले किस की उपयोगिता का प्रमाण पत्र जमा करने के बाद दूसरा किस्त और दूसरे किस्त की उपयोगिता का प्रमाण पत्र जमा करने के बाद तीसरा किस्त जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहानाबाद जिले में पीएमईजीपी कार्यक्रम के अंतर्गत 86 लक्ष्य के विरुद्ध 93 लोगों को स्वीकृत किया गया है। लेकिन अभी भी मात्र 22 लोगों को ही ऋण वितरित किया गया है। शेष लोगों को भी जल्दी ही ऋण वितरित किया जाए।

बैठक में लीड बैंक मैनेजर प्रशांत कुमार, उद्योग विस्तार पदाधिकारी दिलीप कुमार, उद्योग विस्तार पदाधिकारी दिनेश कुमार साहनी, पीएफएफएमई योजना के तहत चयनित जिला संसाधन सेवी और अनेक उद्यमियों की उपस्थिति रही। उद्योग विस्तार पदाधिकारी दिलीप कुमार-2 ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। सरकार की ओर से नए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना तथा पुरानी खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के विस्तार के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी दी जा रही है जो ?10 लाख तक का है। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को तकनीकी सुविधा और ब्रांडिंग के लिए भी सरकारी स्तर पर मदद दी जा रही है। पीएमएफएमई स्कीम के तहत है, समूह में काम करने वाली खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को कलस्टर की स्थापना के लिए भी आर्थिक मदद देने की व्यवस्था है। जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण इकाई को लगाने के लिए इच्छुक लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

एक नजर

भोजपुर में अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से स्नातक के छात्र की मौत, चालक जख्मी

आरा। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर बिहिया चौरस्ता स्थित पावर हाउस के समीप गुरुवार की सुबह एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार स्नातक के एक छात्र की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज स्थानीय पीएचसी में कराया जा रहा है। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खदरा गांव निवासी श्रीभगवान यादव का 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार था। वह स्नातक पार्ट वन का छात्र था। हादसे को लेकर देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। छात्र के बड़े भाई सूरज कुमार ने बताया कि राहुल किसी काम से गुरुवार की सुबह गांव से ट्रैक्टर पर बैठकर बिहिया चौरस्ता जा रहा था। उसी दौरान बिहिया चौरस्ता स्थित पावर हाउस के नजदीक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी ले जाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। इधर, छात्र की मौत के बाद उसके घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि छात्र अपने चार भाई व एक बहन में मांझिल था। उसके परिवार में मां मीरा देवी, भाई सूरज कुमार,र वि कुमार, रोशन कुमार और बहन गुड़िया कुमारी है। मां मीरा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कुशल प्रशासन और बहुमुखी व्यक्तित्व के लिए विख्यात थे डॉ रघुवंश सिंह : प्रो० संजय कुमार

जहानाबाद। एसएस कॉलेज, जहानाबाद के पूर्व प्राचार्य डॉ रघुवंश सिंह के निधन पर रामलखन सिंह यादव कालेज, जहानाबाद के प्राचार्य सह मां कमला चंद्रिका जी ग्रूप ऑफ कालेजेज के सचिव प्रो. संजय कुमार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपने शोक संदेश में कहा कि एस० एस० कालेज, जहानाबाद के संस्थापक शिक्षक, पूर्व प्राचार्य डॉ रघुवंश सिंह शिक्षा, अनुशासन, ईमानदारी और कुशल प्रशासन की जीती जागती तस्वीर थे। एस एस कालेज का वर्तमान स्वरूप उन्ही की मेहनत का नतीजा है। उनके कार्यकाल में महाविद्यालय पूरे बिहार में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता के लिये जाना जाता था। हजारों छात्रों को उन्होंने जीवन जीने की राह दिखाई। बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी डॉ. रघुवंश सिंह का निधन उच्च शिक्षा जगत के लिये अपूरणीय क्षति है। उनके निधन पर मां कमला चंद्रिका जी ग्रूप ऑफ कॉलेलेज की सभी संस्थाओं एवं रामलखन सिंह यादव कालेज, जहानाबाद के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कमर्चारियों ने शोक संवेदना प्रगट किया।

नगर निगम चुनाव के बाद दो पक्षों में झड़प, पत्थरबाजी के बाद की हवाई फायरिंग

सासाराम। जिला मुख्यालय नगर निगम में चुनाव के बाद गुरुवार को मोरसराय गांव वार्ड सात में दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। मारपीट के बाद पत्थरबाजी हुई फिर हवाई फायरिंग भी हुई। मारपीट में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना शिवसागर थाना क्षेत्र की है। बताते हैं कि मोरसराय गांव नगर निगम में वार्ड सात में शामिल किया गया है। वार्ड 7 से वार्ड पार्षद के लिए गांव के ही दो उम्मीदवार धर्मेन्द्र सिंह और अमित कुमार आमने-सामने थे। इन्हीं दोनों उम्मीदवारों के समर्थको में हिंसक झड़प हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनाव के बाद से ही दोनो पक्षों में तनाव की स्थिति थी। सुबह एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के एक वोटर से वोट देने को लेकर विवाद हो गया और उसके साथ मारपीट की गई। मारपीट के बाद वोटर दूसरे पक्ष में पहुंच अपने साथ हुई मारपीट की जानकारी दी। इसके बाद दूसरा पक्ष दल बल के साथ मौके पर पहुंचा और दोनों पक्ष में मारपीट होने लगी। इस बीच छत पर से पत्थर भी फेंके जाने लगे। इसके बाद हवा में 5 राउंड गोली चलाई गई, तबतक मौके पर पुलिस पहुंच गई। शिवसागर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच गए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट में कुछ लोग घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव है मौके पर पुलिस कैंप कर रही है। मामले में पूठताछ की जा रही है अभी काई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। पांच घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, सासाराम लाया गया है, जहां ट्रामा सेंटर में उनका इलाज चल रहा है। घायलों में कुम्हउ पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र सिंह समेत पांच लोग शामिल है।

उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, नये साल के पहले शराब की बड़ी खेप किया जब्त

केटी न्यूज/बक्सर

- स्कार्पियों से हो रही थी शराब की तस्करी, छह गिरफ्तार
- रामदास राय के डेरा ओपी व कृष्णाब्रह्म पुलिस ने भी बरामद किए शराब

नये साल पर डिमांड पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर शराब का स्टॉक करने के फिराक में लगे तस्करों के मंसूबों पर उत्पाद विभाग की टीम ने पानी फेर दिया है। गुप्त सूचना पर उत्पाद विभाग की टीम ने जिले के भरियार ओपी थाना क्षेत्र के जवही के पास कोईलवर तटबंध से एक स्कार्पियों वाहन में छिपाकर रखे गए 500 पीस टेट्रा पैक कुल 90 लिटर शराब को बरामद करने के साथ ही उक्त वाहन को जब्त करते हुए छह तस्करों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान समस्तीपुर के चंदन कुमार, कृष्णा गौतम, दुर्गेश ठाकुर, पटना राजीव नगर के मोनू कुमार, इंद्रपुरी के विक्की कुमार तथा समस्तीपुर के रामकुमार पांडेय शामिल है। मामले में उत्पाद निरीक्षक दिलीप कुमार पाठक ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अंतरजिला गिरोह के शराब तस्कर जवही दियर के रास्ते यूपी से शराब की बड़ी खेप लेकर आ रहे है। सूचना पर पुलिस के साथ अभियान चलाया गया। इसी दौरान उक्त स्कार्पियों को पकड़ा गया। जिसमें स्कार्पियों में छिपाकर रखे गए 500 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद किया गया। वहीं, रामदास राय के डेरा ओपी पुलिस ने गंगौली बांध के पास से पांच पेटी शराब के साथ गंगौली के भगवान यादव व विमलेश यादव को जबकि कृष्णाब्रह्म पुलिस ने छोटका ढकाईच गांव से 10 लिटर देशी महुआ शराब के साथ विमलेश मुशहर और गर्जन मुशहर को धर दबोचा है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

जातीय जनगणना के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

केटी न्यूज/जहानाबाद

अपर समाहता सुधा गुप्ता के नेतृत्व में बिहार जाति आधारित गणना, 2022 के लिए चार्ज पदाधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी एवं फिल्ड ट्रेनर का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रथम चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम दूसरे दिन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिलास्तर पर चार्ज पदाधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी एवं फिल्ड ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। जिसमें प्रथम दिन गुरुवार को काको, मखदुमपुर तथा घोषी प्रखंड एवं नगर पंचायत के चार्ज पदाधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी एवं फिल्ड ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया है तथा शुक्रवार को जहानाबाद, मोदनगंज, हुलासगंज एवं रतनी फरीदपुर प्रखंड तथा जहानाबाद नगर परिषद के चार्ज पदाधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी एवं फिल्ड ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया है।

प्रशिक्षक में बताया गया कि प्रथम चरण के गणना में प्रगणक द्वारा वार्डो का नजरी नक्शे/मानचित्र तैयार करना होगा, जिसमें पक्के और कच्चे भवन को दशार्ना तथा भवनों/गणना मकानों के साथ-साथ नजरी नक्शे पर मकान संख्या दशार्या जाएगा। नजरी नक्शे/मानचित्र में आंवटित क्षेत्र के अंतर्गत विद्यमान प्राकृतिक/भौतिक भू-चिन्हों महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्थलों एवं रैखिक स्थल चिन्हत को शामील करना होगा। भवनों और मकानों के लिए बनाये गए रेखाचित्रों पर प्रदर्शित मकान संख्या के साथ करना होगा।

लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता की तरफ से स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन

सड़क हादसों का एक बड़ा कारण सटीक नेत्र दृष्टि का नहीं होना भी: अमित

- गांधी मैदान स्थित मिस्सर पेट्रोल पंप पर लगा जांच शिविर
- 165 लोगों की हुई जांच
- मेदांता हॉस्पिटल एवं श्री साईं आई हॉस्पिटल ने किया सहयोग

केटी न्यूज/पटना

शिविर में अपना निबंधन कराता मरीज

लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता की तरफ से गुरुवार को गांधी मैदान स्थित एस.एल. मिस्सर पेट्रोल पंप के प्रांगण में स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर का उद्घाटन बिहार पेट्रोलियम के बिहार एवं झारखंड के राज्य प्रमुख अमित मित्तल द्वारा किया गया। जांच शिविर में जयप्रभा मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। श्री साईं आई हॉस्पिटल द्वारा मोबाइल आई चेक-अप वैन में लोगों की नेत्र जांच की गयी। जांच शिविर को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। टेम्पो चालक, दो पहिया वाहन के चालकों सहित कई लोगों ने जांच शिविर में शामिल होकर अपनी जांच करायी। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता की अध्यक्ष नीता मिश्रा, लायन नंदा गर्ग, बिहार पेट्रोलियम के बिहार एवं झारखंड के राज्य प्रमुख अमित मित्तल, संस्था के बिजनेस प्लान मैनेजर मनीष कुमार सहित कई चिकित्सकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

165 लोगों की हुई जांच: जांच शिविर में कुल 165 लोगों की जांच की गयी। इनमें 77 लोगों की नेत्र जांच, 84 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं चार लोगों की ईसीजी की गयी। सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता की अध्यक्ष नीता मिश्रा ने कहा कि हर वर्ष ऐसे जांच शिविर का आयोजन करने का लक्ष्य लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता द्वारा रखा गया है। कोरोना संक्रमण का खतरा एक बार फिर मंडरा रहा है और यह जांच शिविर लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर और संजीदा बनाने के लिए जागरूक करेगा।

लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता की सकारात्मक पहल

जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए बिहार पेट्रोलियम के बिहार एवं झारखंड के राज्य प्रमुख अमित मित्तल ने कहा कि जांच शिविर का आयोजन लायंस क्लब ऑफ पटना- अनंता की तरफ से एक सकारात्मक पहल है। आंकड़े बताते हैं कि सड़क हादसों का एक बड़ा कारण सटीक नेत्र दृष्टि का नहीं होना भी है। एक स्वस्थ वाहन चालक सड़क हादसों में कमी लाने में अहम भूमिका निभा सकता है। बिहार पेट्रोलियम के बिजनेस प्लान मैनेजर मनीष कुमार ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग आगे आकर इस जांच शिविर का लाभ उठायें और शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

खबरें फटाफट

शीतलहर के चलते दो दिनों तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

बक्सर। जिले में शुरू हुई भयंकर शीतलहर को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। डीएम अमन समीर के निर्देश पर शिक्षा विभाग के डीईओ ने इसकी सूचना भी जारी कर दी है। जारी किए गए सूचना में बताया गया है कि जिले में पड़ रही अत्यधिक ठंड के चलते 30 और 31 दिसंबर को वर्ग 1 से 8 तक की कक्षाओं में पठन-पाठन व्यवस्था बंद रखी जाएगी। यह आदेश सभी सरकारी व निजी स्कूलों पर लागू किया गया है। हालांकि सराकरी स्कूलों के शिक्षकों को स्कूल में आना है और गैर शैक्षणिक कार्यो का निष्पादन करना है। गौरतलब है कि बुधवार से ही बक्सर जिले में कड़ाके की सर्दी शुरू हुई है। इसे देखते हुए डीईओ द्वारा ऐसा आदेश जारी किया गया है।

जातिगत जनगणना के लिए प्रशिक्षण शुरू

केसठ। जाति आधारित गणना-2022 के तहत सर्वे करनेवाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की तिथि घोषित हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन उच्च विद्यालय केसठ के प्रांगण में किया, 31 दिसंबर को भी यह कार्यशाला आयोजित होगी। प्रशिक्षण के लिए 92 प्रगणक और 21 पर्यवेक्षक चयनित किए गए हैं। इसके अलावा 3 फिल्ड ट्रेनर भी तैनात किए गए हैं। इस सर्वे कार्य को सम्पन्न कराने के लिए बीडीओ को चार्ज पदाधिकारी और सीओ को सहायक चार्ज पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

विवाद में मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज कराया मामला

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में दोनों पक्षों ने अलग-अलग आवेदन देकर एक-दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। एक पक्ष की रीना देवी ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया है कि मैं घर पर खाना पका रही थी, इसी दौरान हरिनारायण चौधरी और हरिविष्णु चौधरी ने हमला कर मुझे जख्मी कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के देव कुमार चौधरी ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि हमसब घर पर बैठे थे कि इसी दौरान अवध बिहारी चौधरी सहित अन्य लोग आ धमके और गाली-गलौज करते हुए पिटाई कर दी। ओपी पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन पर पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

ठंड का कहर: धूप और बादलों के बीच पूरे दिन चलती रही आंख मिचौली, बढ़ी ठिठुरन

केटी न्यूज/बक्सर

- सुबह दस बजे तक छाया रहा घना कोहरा गांव से शहर तक घरों में दुबके रहे लोग
- ठंड के कारण बीमार पड़ रहे हैं बच्चे व बुजुर्ग

पिछले 72 घंटों से जारी ठंड के कहर ने आम जनजीवन की रफ्तार को रोक कर रख दिया। दिन के तापमान की अपेक्षा रात का तापमान बहुत ही कम आंका गया। शीतलहर के साथ जारी ठंड के प्रकोप को देख हर कोई घरों व आग के पास दुपका रहा। सुबह छाए घने कोहरे को देख लोग घरों से बाहर निकलने में कतराते हुए नजर आए। जबरदस्त पड़ रही ठंड से हर कोई हलकान रहा। गुरुवार को भी सुबह छाए घने कोहरे व भीषण ठंड से लोग परेशान से नजर आए। ठंड से निजात पाने के लिए हर कोई अपनी अपनी जुगत लगाता रहा। साथ ही, बाजारों में लकड़ी के कोयलों की मांग भी बढ़ गई। इसके साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर रुम हीटरों की भी मांग बढ़ गई। शहर में जारी ठंड के प्रकोप से लोग जगह जगह अलाव सेंकते रहे। सुबह दिन का तापमान जहां 09 डिग्री सेल्सियस आंका गया, तो वहीं दोपहर को हल्की धूप से तापमान 22 डिग्री जा पहुंचा। जिस कारण लोगों ने कुछ राहत की सांस ली। अनुमान है कि जिले में अभी शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। फिलहाल आसमान में हल्की धुंध के साथ रात का तापमान और नीचे तक जा सकता है।

कोहरे के बीच सड़क जाते राहगीर

कैसे करें बच्चों को ठंड में बचाव : डॉ. राजीव कुमार झा ने ठंड से बचाव के लिए उपाय बताए। जिसमें मौसम में छोटे बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर रखें। बच्चे को बिस्तर से एक साथ बाहर न लेकर आएं। ठंड पानी से बचाकर रखें। उबला हुआ पानी का सेवन करें। सफर करते समय गर्म कपड़े व चदर में बच्चों को रखें। ठंड को देखते हुए सुबह व सायं को सफर कम करें। घर में कोई सदस्य बीमार है, तो बच्चे को उससे दूर रखें। उल्टी व दस्त होने की शिकायत होने पर विशेषज्ञ चिकित्सक से इलाज लें। बिना चिकित्सक को दिखाए बच्चे को कोई भी दवा न दें।

न बरतें लापरवाही : डॉ. राजीव कुमार झा ने बताया कि ठंड के मौसम में बच्चों की संख्या पहले से बढ़ी है। अभिभावक बच्चों को ठंड के मौसम से बचाकर रखें। थोड़ी से लापरवाही बच्चे के लिए नुकसानदायक है। उल्टी व दस्त और बुखार कई दिनों तक जारी रहने पर लापरवाही न बरते। बच्चे को विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह लेकर ही इलाज लें।

ठंड से बच्चों में बढ़ जाती है निमोनिया उल्टी व दस्त जैसी बीमारियों की शिकायत

ठंड का असर छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। निमोनिया, उल्टी व दस्त के कारण अस्पतालों में इलाज लेने वाले बच्चों की संख्या बढ़ी है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया जा रहा है। ठंड के प्रकोप से हर कोई प्रभावित है। छोटे बच्चे व बुजुर्ग लोग भी इसकी चपेट में है। ठंड के कारण निमोनिया, उल्टी व दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ी है। सरकारी के साथ-साथ निजी अस्पतालों में लोग बच्चों का स्वास्थ्य खराब होने पर इलाज के लिए आ रहे हैं। अभिभावक अपने लाडलों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाने के साथ-साथ अन्य प्रकार के प्रबंध कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद ठंड बच्चों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुई सुमित्रा महिला कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

व्यक्तित्व में निखार लाती हैं प्रतियोगिताएं: डीडीसी

केटी न्यूज/डुमरांव

खेलकूद व संगीत एक ही सिक्के के दो पहलू है तथा यह व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास की अहम कड़ी है। सुमित्रा कॉलेज का यह प्रयास यहां पढ़ने वाली छात्राओं का मनोबल बढ़ाने वाला है। उक्त बातें डीडीसी डा महेन्द्र पाल ने गुरुवार को कहीं। अवसर था सुमित्रा महिला कॉलेज द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन का। डीडीसी ने कहा कि मैं यहां की छात्राओं की प्रतिभा देख दंग हूं तथा आने वाले दिनों में यहा से निकली छात्राएं देश व दुनिया में इस कॉलेज का नाम रोशन कर सकती है।

उन्होंने कहा कि खेलकूद व और संगीत हमारे व्यक्तित्व में निखार लाते है। इससे हमारा तन और मन स्वस्थ तथा स्फूर्त तो बनता ही है बल्कि टीम भावना व प्रतिस्पर्द्धा का विकास होता है। खेलकूद व संगीत में रूचि लेने वाले लोग समाज के प्रति स्वतः ही जिम्मेवार होते है। इसके पहले डीडीसी, बीडीओ संतोष कुमार, कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शोभा सिंह, विश्वविद्यालय के सिनेट सदस्य सह जदयू नेता डा बिनोद कुमार सिंह, प्रो सुभाष चंद्रशेखर, जिला पार्षद अरबिंद प्रताप उर्फ बंटी शाही आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। उद्घाटन के बाद अनन्या ग्रुप द्वारा सरस्वती वंदना व गणेश वंदना से की गई।

मेडल व प्रशस्ति पत्र के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राएं

- समापन समारोह में मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को किया गया सम्मानित

इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गान, बिहार वंदना, एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाटक, कव्वाली आदि एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इस दौरान कॉलेज के वरीय प्रो. अंबिका सिंह, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. अजीत सिंह, प्रो मिथिलेश सिंह, प्रो. सुरेशचंद्र त्रिपाठी, प्रो. शैलेश कुमार, प्रो. अर्चना, प्रो. अमृता, प्रो. मीरा, प्रो. अनिता, प्रो. उमाशंकर, प्रो. प्रमोद सिंह, प्रो. मनोज कुमार, चीकू

सिंह, राजेंद्र सिंह, पवन कुमार सिंह, दीनू सिंह, अनुराग मिश्र, कमल चौरसिया सहित अन्य मौजूद थे।

छात्राओं का सर्वांगीण विकास ही है हमारा लक्ष्य : वहीं, कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शोभा सिंह ने कहा कि छात्राओं का सर्वांगीण विकास ही इस कॉलेज का एकमात्र लक्ष्य है। अपने स्थापना काल से ही यह कॉलेज इस बात की चिंता कर रहा है कि इस क्षेत्र की छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके लिए स्थापना काल से ही मुख्य विषयों के अलावे खेलकूद, गीत-संगीत के साथ ही अब एनसीसी व एनएसएस जैसी सुविधाएं उपलब्ध है। जिससे अपने प्रतिभा को विभिन्न क्षेत्रों में निखार सकती है।

खेल प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत: स्मापन समारोह के दौरान खेल प्रतियोगिता में बेहतर करने वाली छात्राओं को कॉलेज प्रबंधन व आगत अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। जबकि प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

वार्षिक खेलकूद के दौरान छात्राओं ने बढ चढ़कर निभाई सहभागिता

सुमित्रा महिला कॉलेज में आयोजित हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी निभाई थी। इस दौरान अनन्या ग्रुप की छात्राओं ने सरस्वती गान व गणेश वंदना की प्रस्तुति कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन ज्योति और अनन्या ने किया। रघुवर तेरे राह निहारे गीत पर सलोनी ने वाहवाही लूटी तो वहीं सुभद्रा ग्रुप की छात्राओं ने जाने सब संसार, अइसन आपन ह बिहार के गीत पर जमकर तालियां बटोरी। इसके अलावे भी छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दे सबकों अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रत्येक प्रस्तुति पर उपस्थित छात्राएं, प्राध्यापक व दर्शक तालियां बजा प्रतिभागियों का उत्साह वर्द्धन कर रहे थे।

प्रो. सुभाष ने बताया कॉलेज का इतिहास

वहीं, अपने संबोधन में कॉलेज के वरीय प्रो. सुभाष चंद्रशेखर ने इसके इतिहास व अब तक के सफलताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 80 के दशक में स्थापित यह कॉलेज महिला शिक्षा के क्षेत्र में कई मिल के पत्थर स्थापित कर चुका है। उस जमाने में जब महिलाओं को उच्च शिक्षा के लिए कही अवसर नहीं था तब इसके संस्थापक स्व डा जगनारायण सिंह ने इसकी स्थापना कर छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच दिया था। उन्होंने बताया कि अबतक इस कॉलेज ने 30 हजार से अधिक छात्राओं को उच्च शिक्षा दिया है। जिनमें हजारों छात्राएं आज विविध क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर महिला शसक्तिकरण की मिशाल बनी है। उन्होंने कहा कि महज तीन छात्राओं से शुरू हुआ यह कॉलेज आज एक साथ तीन हजार छात्राओं को शिक्षा दे रहा है।

नशे की लत पूरी नहीं होने पर नशेड़ी ने ब्लेड से काटा गला

बक्सर। नशे की लत पूरी नहीं होने तथा परिवार वालों द्वारा इसके लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक ने गला धारदार ब्लेड से काट लिया है। इसकी जानकारी मिलते ही खून से लथपथ युवक को परिजनों द्वारा इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया। जहा प्राथमिक इलाज के बाद उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए डाक्टरों द्वारा रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक उसकी स्थिति नाजूक बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि उसके गले से अधिक खून गिरने के कारण उसका हालत चिंताजनक बना हुआ है।

बताया जाता है कि बक्सर बारी टोला के गोबिंद चंद्रवंशी का पुत्र रमेश कुमार नशे का आदि है। वह नशे की लत पूरा करने के लिए परिजनों पर बराबर दबाव बनाता था। गुरूवार को लगभग 11 बजे वह घर से बाहर गली में अपने गला को एक धारदार ब्लेड से काट लिया। जैसे ही इसकी जानकारी मिली वैसे ही परिजन उसे लेकर इलाज कराने दौड़े। वहीं मोहल्ले में पूरे दिन लोग इस घटना की चर्चा करते रहे। एक युवक सिर्फ नशे की लत को पूरा करने के लिए ऐसा कदम उठा सकता है इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। हालांकि, जिले में जिस प्रकार के हालात हैं, उसमें आज कल के युवा हेरोइन व अन्य नशीली चीजों के चक्कर में पड़ कर जीवन खराब कर रहे हैं। पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी जिले में ऐसे पदर्थों की बिक्री कम नहीं हो रही।

बड़का गांव में मिला महिला के हाथ व पैर का कटा हिस्सा, जांच में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/बक्सर

औद्योगिक थाना क्षेत्र के बड़का गांव में गुरूवार को एक महिला के हाथ व पैर का हिस्सा अलग-अलग जगहों से मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल औद्योगिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच में जुट गई।

बताया जाता है कि महिला के हाथ के पंजे का हिस्सा मिर्च के एक खेत से जबकि धड़ से नीचे का हिस्सा बाजार के पास से मिला। पहले तो लगा कि महिला को टुकड़े टुकड़े कर मौत के घाट उतारा गया है। लेकिन काफी खोजबीन के बाद शरीर के अन्य हिस्सें नहीं मिले। वही आस पास के थानों में भी किसी महिला के गुमशुदगी का मामला दर्जन नहीं होने से पुलिस इस बात का अनुमान लगा रही है कि गंगा किनारे किसी बर्द्ध जली लाश के टुकड़ों को कुत्तों द्वारा लाया गया होगा। बहरहाल पुलिस इसके जांच में जुट गई है। औद्योगिक थाने के थानाध्यक्ष मुकेश ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इसकी जांच की जा रही है। वही बड़का गांव तथा आस पास के क्षेत्रों में पूरे दिन इस घटना की चर्चा होते रही। लोग कई तरह की बातें कर रहे थे।

अगलगी में झोपड़ी जलकर राख

ब्रह्मपुर। प्रखंड के योगियां पंचायत स्थित कृतसागर गांव में बुधवार की रात चूल्हे की राख से निकली चिंगारी के कारण एक झोपड़ी जलकर राख हो गई। अगलगी में हजारों रुपए की संपति जल गई। पीड़ित परिवार ने मामले की जानकारी गुरुवार की सुबह अंचल प्रशासन को दी, लेकिन देर शाम तक कोई भी अधिकारी या कर्मी नहीं आया। बताया जाता है कि रात करीब दस बजे किसी ने आग लगने की शोर मचायी। लोगों ने देखा कि गांव के ही सुनील यादव के झोपड़ीनुमा आशियाने में आग धधक रही है। ग्रामीणों ने आग पर काबू तो पा लिया, मगर झोपड़ी के अंदर रखे सामान जलने से नहीं बचा

जन्मदिन की पार्टी मना लौट रहा युवक कट्टे के साथ गिरफ्तार

- वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को मणियां गांव के पास मिली सफलता

केटी न्यूज/नावानगर

दोस्त की शादी में भौकाल जमाने के लिए कट्टा लेकर जाना एक युवक को महंगा पड़ गया है। वहां से लौटने के दौरान वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने उस पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। उसकी गिरफ्तारी सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के मणियां गांव के पास से की गई है। गिरफ्तार युवक मणिया छपरा गांव का योगेन्द्र सिंह है। बताया जाता है कि वह पड़ोस के गांव में अपने एक दोस्त के जन्मदिन पार्टी में शामिल होने कट्टा लेकर गया था।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी युवक

इधर सोनवर्षा ओपी पुलिस मणिया छपरा मार्ग पर गश्ती अभियान चला रही थी। जैसे ही वह पुलिस वाहन के करीब पहुंचा और पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया, तो वह भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़ने के बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके कमर से एक देशी कट्टा मिला। इसके बाद पुलिस उसे पकड़कर थाने लाई। पुलिस ने उसकी बाइक भी जब्त कर ली है। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। हालांकि पूछताछ के दौरान उसने पुलिस के सामने कौन कौन से राज उगले है तथा कट्टा लेकर क्यों घूम रहा था आदि सवालों का जवाब नहीं मिल पाया है। सोनवर्षा ओपी थाने के प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी युवक को जेल भेज दिय गया है।

यूरिया खाद की कालाबाजारी में पदाधिकारियों की भूमिका बनी संदिग्ध

प्रखंड के दुकानदारों के पास यूरिया खाद का पर्याप्त स्टॉक

- पटवन तेज होने के साथबढ़ी यूरिया की डिमांड, मौके का लाभ उठा रहे हैं विक्रेता

केटी न्यूज/डुमरांव

यूरिया खाद की कालाबाजारी में पदाधिकारियों की भूमिका संदिग्ध बन गई है। गुरुवार को तीसरे दिन भी यूरिया खाद के लिए किसान दर-दर ठोकर खाते रहे। उधर इस मामले में सक्षम पदाधिकारियों की भूमिका ऐसी जैसे उन्हें कुछ भी मालूम ना हो। गेहूं के खेत का पटवन तेज होने के साथ ही यूरिया खाद की डिमांड बढ़ने लगी है। प्रखंड के किसान खाद के लिए दर-दर की ठोकर खाते रहे। इसका नाजायज लाभ निजी खाद विक्रेता उठा रहे हैं। सबसे खराब स्थिति स्थानीय प्रखंड कृषि कार्यालय का है। प्रखंड कृषि कार्यालय अंधेर नगरी चौपट राजा टके सेर भाजी टके सेर खाजा की कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

साइकिल पर खाद की बोरी ले जाता किसान

प्रखंड कृषि पदाधिकारी को यह तो मालूम है कि प्रखंड में कुल 45 दुकानदारों को खुदरा खाद बिक्री का लाइसेंस जिला कृषि कार्यालय द्वारा निर्गत किया गया है। लेकिन किस दुकानदार के पास इस वर्ष खाद का कितना आवंटन निर्गत है तथा किसके पास यूरिया का क्या स्टॉक है इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पूछे जाने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी से लेकर कृषि समन्वयक तक इधर उधर की बात कर बरगला रहे हैं। वैसे जानकार सूत्र बताते हैं कि प्रखंड के सभी दुकानदारों के पास यूरिया खाद का पर्याप्त स्टॉक है। सभी दुकानदार सरकारी निर्देश के विपरीत यूरिया खाद की बिक्री 266 रुपया के बजाय साढ़े चार सौ रुपए प्रति बैग के कीमत पर बेखौफ बिक्री कर रहे हैं। इसमें प्रखंड कृषि कार्यालय की भूमिका सबसे अधिक संदिग्ध है। जानकार सूत्र बताते हैं कि लाइसेंसी खुदरा खाद विक्रेता प्रखंड कृषि कार्यालय से सांटगांठ कर यूरिया खाद की जमकर कालाबाजारी कर रहे हैं। यही वजह है कि प्रखंड कृषि कार्यालय निजी खुदरा खाद विक्रेताओं का जमकर बचाव कर रहा है। दूसरी तरफ बुधवार को दूसरे दिन भी इफको कृषि मॉल पर यूरिया खाद के लिए भीड़ लगी रही। ग्राहक मॉल से निर्धारित कीमत पर यूरिया खाद की खरीद करते रहे। प्रत्येक किसान को दो बैग यूरिया मुहैया कराया गया। जबकि निजी खाद विक्रेता पिछले दरवाजे से खाद की बिक्री कर अपनी जेब गर्म करते रहे।

खाद की कालाबाजारी की शिकायत किसी ग्राहक द्वारा नहीं की गई है। निजी दुकानों पर भी यूरिया खाद उपलब्ध है। शिकायत नहीं मिलने का मतलब यह समझा गया कि हर जगह वितरण सामान्य है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

- गोपाल जी प्रसाद
प्रखंड कृषि पदाधिकारी
डुमरांव

फर्जी पुलिस जवान बन सीआरपीएफ जवान से ठगी करने वाला गिरफ्तार

केटी न्यूज/बक्सर

- मॉर्निंग वॉक के दौरान दोनों में हुई पहचान, लगाया चूना

औद्योगिक थाने की पुलिस ने इटाढ़ी थाना क्षेत्र के मंगोलपुर गांव से एक ठग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ठग विकास कुमार पर दलसागर के सीआरपीएफ जवान मुन्ना सिंह ने दो किश्तों में 25 हजार रूपए ठगने का आरोप लगाया था।

पुलिस को दिए आवेदन में मुन्ना ने बताया है कि वह बक्सर में रहता है। सुबह में टहलने के दौरान उसके साथ एक युवक भी टहला करता था जो अपना परिचय महिला थाने के जवान के रूप में दिया था। कुछ दिनों के बाद वह अपनी पत्नी की बीमारी का बहाना बना पहले 10 हजार रूपए और बाद में उसकी मौत का हवाला दे 15 हजार रुपए समेत कुल 25 हजार रुपए हमसे लिया। कुछ दिनों के बाद जब मैं पैसा मांगने लगा तो वह टाल मटोल करने लगा तथा बाद में अपना मोबाइल भी बंद कर लिया।

इसके बाद सीआरपी जवान ने उसके खिलाफ औद्योगिक थाने में एफआईआर दर्ज कराया। पुलिस जांच में पता चला कि उक्त युवक इटाढ़ी थाना क्षेत्र के मंगोलपुर का विकास कुमार है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

छोटी खबरें

विद्यालय में मिला युवक का शव

बलिया। जनपद के बैरिया थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय नम्बर एक के बरामदा में 35 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया है। चौकी इंचार्ज सुरेमनपुर अशोक कुमार ने बताया कि मृत युवक हरा रंग का हड्डी, क्रीम कलर का शर्ट, नीला रंग का इनर व स्लेटी रंग का पैंट पहना हुआ है। स्कूल के बरामदे से बाहर जूता रखा हुआ था। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा। प्रथम दृष्टया में युवक की मौत ठंड से होने की आशंका है।ग्रामीणों की माने तो मृतक पिछले दो दिनों से इसी विद्यालय में रह रहा था। उसकी दिमागी हालत ठीक नही थी। ग्रामीणों ने उसके कहने पर शाम को उसे खाना भी खिलाया था।

मारपीट में पांच लोग घायल

बलिया। सिकन्दरपुर नगर के मोहल्ला मिल्की में दो पक्षों में हुई मारपीट में 5 लोग घायल हो गए। जिनमें से 3 का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि नगर के मोहल्ला मिल्की निवासी प्रथम पक्ष से मुकेश कुमार गोंड़ (25) पुत्र राजकिशोर तथा उसका छोटा भाई आकाश कुमार गौंड (22) पुत्र राजकिशोर गोंड़ बुधवार की रात्रि को अपने घर पर थे। उसी बीच अवधेश चौहान (40), राजकुमार चौहान (22), लक्ष्मी चौहान (35) पुत्रगण दीनानाथ चौहान, दरवाजे के बाहर आकर गाली गलौज करने लगे जिस का विरोध करने पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा सभी घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मुकेश कुमार गोंड़, आकाश कुमार गोंड़ तथा दूसरे पक्ष से लक्ष्मी चौहान की गम्भीरावस्था को देखते हुए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

प्लास्टिक के खिलाफ चला अभियान

बलिया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार गुरुवार को चितबड़ागांव नगर पंचायत में जांच अभियान चलाया गया। जिसमें अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार व प्रभारी निरीक्षक आरएस नागर अपने कर्मियों के साथ दुकानों पर छापेमारी कर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के बाद भी रखने वाले दुकानदारों से जुमार्ना वसूली किया। ईओ ने बताया कि नगरपंचायत के दुकानदारों 6000 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया।

रोमांचक मुकाबला: पेनल्टी शूटआउट में भी रेवतीपुर के वार्ड नं. 11 व 6 की टीम रही बराबर

केटी न्यूज/गाजीपुर

- मैच के अंत तक दोनों टीमों ने गोल करने के लिए लगा दिया एड़ी चोटी का जोर
- दर्शकों ने रोमांचक मैच का उठाया लुत्फ

नवयुवक संघ रेवतीपुर के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच नेहरू विद्यापीठ इंटर कॉलेज पर आयोजित किया गया। फाइनल मुकाबला रेवतीपुर के वार्ड नंबर 11 और वार्ड नंबर छह के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के 50वें मिनट में वार्ड नंबर छह को पेनल्टी शूटआउट मिला। जिसमें अमित राय ने एक गोल कर मैच को 1-0 से बढ़त दिला दिया। इसके कुछ ही देर बाद वार्ड नंबर 11 को भी पेनल्टी शूटआउट मिला। जिसमें शैलेश पांडेय ने गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया।

दोनों टीम के खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण व समिति के सदस्य

मैच के अंत तक दोनों टीमों ने गोल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया, लेकिन निष्कर्ष नहीं निकल पाया। मैच का निष्कर्ष नहीं निकलने पर दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित कर दिया गया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच दुर्गेश यादव व मैन ऑफ द सीरीज अमित राय एवं बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार आयूब खान बेस्ट वैल्युएबल प्लेयर अनय राय और बेस्ट अमेजिंग प्लेयर चिंटू डोम को दिया गया। फाइनल प्रतियोगिता का उद्घाटन रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रतियोगिता का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। आने वाले समय में यही बच्चे अपने देश का नाम रोशन करेंगे, वहीं उन्होंने कहा कि अनुशासन ही खिलाड़ी को महान बनाता है। मैच के रेफरी की भूमिका मेहरूदीन खान ने निभाई। जबकि कमेंट्री प्रदीप राय बड़े ने निभाया। इस दौरान मौजूद लोगों में केशव राय, विनोद गुप्ता, टुन्नू राय, जय नारायण राय, बंगा पांडेय, नन्हें राय, जन्मेजय चौरसिया, शिवम पांडेय, परमहंस राय, दरोगा राय, ज्ञानेंद्र राय, विनय कांत राय , इमरान आदि लोग मौजूद रहे।

बलिया सांसद के विभिन्न प्रस्तावों को रेलवे जीएम ने पूरा करने का दिया आश्वासन

रेल जीएम ने गोरखपुर के रास्ते बलिया-छपरा रेलखंड का विन्डो ट्रेलिंग से किया निरीक्षण

- स्टेशनों पर दोहरीकरण सह विद्युतीकरण के परिप्रेक्ष्य में सुधार एवं विकास कार्यों का लिया जायजा
- आधारभूत कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिया दिशा-निर्देश

केटी न्यूज/गाजीपुर

बलिया स्टेशन का जायजा लेते रेलवे जीएम व अन्य

पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक चंद्र वीर रमण ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) राजीव कुमार अपर महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्र, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक संजय त्रिपाठी, मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय, मुख्य परियोजना प्रबंधक-3 (आरवीएनएल) रेल विकास लिमिटेड वीके शुक्ला, अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) राहुल श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) राकेश रंजन, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-1 ऋषि श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनियर रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजिनियर (कर्षण) आरएन सिंह एवं वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, इंदारा, फेफना, बलिया, बकुलहां, छपरा व सीवान रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रहे हैं।

इस दौरान महाप्रबंधक चन्द्र वीर रमण ने इस खंड पर चल रही दोहरीकरण, विद्युतीकरण एवं अन्य निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। अपने निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने देवरिया सदर, भटनी जं. इंदारा, फेफना स्टेशनों पर दोहरीकरण सह विद्युतीकरण के परिप्रेक्ष्य में सुधार एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। अपने विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक इंदारा-फेफना रेलखंड पर विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण के अंतर्गत किए जा रहे आधारभूत कार्यों की समीक्षा करते हुए बलिया पहुंचे।

निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे सीवी रमण फेफना निरीक्षण के उपरांत बलिया स्टेशन पहुंचे। उन्होंने बलिया स्टेशन पर 20 करोड़ की लागत से चल रही सुंदरीकरण परियोजना के अंतर्गत प्लेटफॉर्म सरफेस, फेन्सिंग, छाजन, स्टेशन भवन, यात्री आरक्षण केंद्र, सकुर्लेटिंग एरिया एवं यात्री सुविधा विकास कार्यों की प्रगति देखी। इस दौरान माननीय सांसद, बलिया वीरेन्द्र सिंह मस्त से औपचारिक भेंट कर क्षेत्रीय जनता की मांगों का संज्ञान लिया। इस दौरान सांसद द्वारा बलिया के सुंदरीकरण के अंतर्गत स्टेशन से सटे पार्क को स्टेशन में शामिल कर उसका जीर्णोद्धार करने, स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में पार्क का नामकरण करने एवं स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को सहेजने हेतु गैलरी के निर्माण का प्रस्ताव भी मिला। महाप्रबंधक ने अपने अधिकार क्षेत्र से सांसद की युक्तियुक्त मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बलिया स्टेशन पर चल रहे विभिन्न कार्यों को पूरी गुणवत्ता एवं संरक्षा के मानकों के अनुरूप सम्पन्न कराने का निर्देश दिया।

10 जनवरी तक निरस्त रहेंगी दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेन

वाराणसी। इस्ट सेंट्रल रेलवे अंतर्गत धनबाद मंडल के गढ़वा, टोलरा व रजपुरा रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों के चलते बाधित बरकाकाना-वाराणसी का परिचालन 31 से दिसंबर से शुरू हो जाएगा। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते बरकाकाना-वाराणसी मेमू एक्सप्रेस 30 दिसंबर तक निरस्त की गई थी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसे चलाने का निर्णय लिया गया है। इधर, शाहगंज-मऊ रेल खंड के बीच चल रहे लाइन दोहरीकरण काम के चलते दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें 10 जनवरी तक निरस्त रहेंगी। इसके अलावा कई एक्सप्रेस ट्रेनों के रूट डायवर्ट कर दिए गए हैं। आजमगढ़, सरायमीर, खुरासन रोड स्टेशन से यदि किसी को यात्रा करनी है तो ट्रेनों की स्थिति जरूर पता कर लें।

एक नजर

सैदपुर तहसील के ग्राम पंचायत रामपुरामाझा में नए थाने का आईजी ने किया उद्घाटन

गाजीपुर। सैदपुर तहसील के ग्राम पंचायत रामपुर मांझा में नए थाना का उद्घाटन वाराणसी मंडल के आईजी सत्यनारायण एवं एडीजी रामकुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक, पुलिस अधीक्षक शहर गोपीनाथ सोनी, क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अंशुल कुमार, उपजिलाधिकारी सैदपुर, ग्राम प्रधान नीरज यादव एवं सहायक पंचायत धीरेंद्र यादव के साथ संबन्धित पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनपद में एक और नया थाना मिला, जो बहुत खुशी की बात है। इससे आस-पास क्षेत्रों एवं गॉव के लोगों को सुविधा मिलेगी तथा इसके माध्यम से आस-पास के क्षेत्रों में हो रहे अपराधों पर नियंत्रण रखा जाएगा। लोगों को किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस उनके पास पहुंच जाएगी, जो समय-समय पर जनसमस्याओं का निस्तारण भी किया जाएगा।

निर्भया के गांव में महिला स्वास्थ्य शिविर

बलिया। दिल्ली गैंगरेप की शिकार निर्भया 29 दिसंबर 2012 को सिंगापुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस दिन गांव में निर्भया के नाम पर बने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भया की दसवीं पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पुण्यतिथि पर गांव के लोगों ने निर्भया को श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा वर्तमान परिवेश में महिला उत्पीड़न के मामलों में हो रही वृद्धि पर चिंता जताई गई। रेड ब्रिगेड ट्रस्ट की कोआर्डिनेटर दिव्या पाण्डेय के द्वारा आशा ट्रस्ट की ओर से आयोजित महिला स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं का ब्लड प्रेशर, मधुमेह, बच्चों को भाप आदि की जांच और कुछ विटामिन्स की दवाएं वितरण किया गया। दिव्या पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है किसी भी आपात स्थिति में शासन द्वारा महिला हेल्पलाइन उपलब्ध कराया गया है इसका बेहिचक उपयोग करें। निर्भया के बाबा ने कहा कि गांव में अस्पताल तो है, लेकिन अस्पताल पर डॉक्टर नहीं रहते हैं। वहीं गांव आने वाली सड़क गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। इस मौके पर लालजी सिंह, बंशीधर राय, सुभाष पाण्डेय, मोहन मुरारी राय, बृजबिहारी पटेल, आर्या पाण्डेय, दिव्यानी पाण्डेय, शिखा यादव, खुशी शर्मा, अंतिमा शर्मा, आंचल आदि उपस्थित रहे ।

श्रीमद्भागवत में कृष्ण महारास की कथा का वर्णन

मऊ। सनबीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण के षष्ठ दिवस पर परम पूज्य ज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज जी ने वैज्ञानिकता, आधुनिकता की बात करते हुए वैज्ञानिकता में आध्यात्मिकता का अनूठा संगम बताया। स्वामी जी महाराज ने आज की आधुनिक भाषा का वर्णन करते हुए बताया की सनातनियों की अमर भाषा संस्कृत देवों की वाणी है, जो सभी भाषाओं की जननी है। स्वामी जी महाराज ने काशी को समस्त सनातन धर्मावलंबियों की राजधानी बताया। जिसका लोहा पूरा ब्रह्मांड मानता है। आज महाराज जी ने कृष्ण महारास की कथा का वर्णन किया। मौके पर डायरेक्टर पंकज सिंह, हृदय नारायण सिंह आदि सहित सैकड़ों भक्तों की भीड़ उपस्थित थी। कृष्ण महारास की महाआरती के पश्चात भक्तों में छप्पन भोग प्रसाद वितरित हुआ।

बकाया बिल को लेकर चला अभियान

मऊ। विद्युत विभाग द्वारा लगातार बकाया बिलों की वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाते हुए प्रत्येक दिन मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में वसूली का क्रम जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को एसडीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता लालजी यादव चंद्र भूषण यादव समेत विद्युत विभाग के लाइनमैन द्वारा मोहल्ला रसूलपुर में टीम ने पहुंचकर कुल 24 विद्युत कनेक्शन चेक किया। चेकिंग के दौरान 12 बकायेदारों के कनेक्शन काटते हुए विभाग के लोगों ने सख्त निर्देश दिया कि 2 दिन के अंदर अपने बकाया बिलों का भुगतान अवश्य कर दें। इस दौरान दो वक्ताओं के लोड बनाए गए तथा लोगों से अपील किया गया कि आप लोग विद्युत कनेक्शन लेकर इसका उपयोग करें। अगर जांच के दौरान अनियमितता पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार युवक जख्मी

मऊ। जनपद के मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के भातकोल सरकारी हॉस्पिटल के पास बुधवार देर रात पिकअप और बुलेट की टक्कर में बुलेट सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत वलीदपुर मोहल्ला भिट्टी निवासी सद्दाम उम्र 35 वर्ष पुत्र मुमताज भातकोल बाजार से अपने घर वापस आ रहा था। इस दौरान वलीदपुर की तरफ से एक तेज रफ्तार में पिकअप जा रही थी। सरकारी हॉस्पिटल के पास दोनों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बुलेट सवार सद्दाम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और पिकअप बगल में जाकर पलट गई। पिकअप को छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल सद्दाम के घर सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। इधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर कोतवाली चली आई। खबर लिखे जाने तक किसी तरफ से कोई तहरीर पुलिस को नहीं मिली है।

एसपी ने दो उपनिरीक्षक सहित 23 पुलिस कर्मियों का बदला कार्यक्षेत्र

केटी न्यूज/बलिया

पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने दो उप निरीक्षक सहित 23 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए है।

उप निरीक्षक संदीप यादव को पुलिस लाइन से उभांव, महिला आरक्षी आकांक्षा देवी को थाना भीमपुरा से कोतवाली और गरिमा शुक्ला को मनियर थाने से प्रधान लिपिक कार्यालय, कांस्टेबल संदीप निषाद को बांसडीह से सीसीटीएनएस थाना बांसडीह, महिला कांस्टेबल शीलू वर्मा को बांसडीह से सीसीटीएनएस बांसडीह, कांस्टेबल प्रिंस सिंह को नगरा थाने से पुलिस लाइन, हेड कांस्टेबल संजीव कुमार सिंह को दुबहर से सहतवार, बृजेश कुमार यादव को दुबहर से थाना हल्दी, अवनीश कुमार मिश्र को जनसूचना कार्यालय थाना बांसडीह, नरेंद्र कुमार यादव को बैरिया से रेवती थाना, संदीप कुमार पटेल को कोतवाली से सुखपुरा, अतुल कुमार सिंह को मनियर, अवधेश कुमार को चुनाव सेल से श्रेष्ठ पेशी, हरेंद्र सिंह को चुनाव सेल से प्रधान लिपिक कार्यालय, भानु कुमार पांडेय को पुलिस लाइन से रसड़ा, श्याम कुंवर को चितबड़ागांव से श्रेष्ठ पेशी, चालक राम सिंह को बांसडीहरोड से पुलिस लाइन, श्याम कुमार को पुलिस लाइन से स्वाट टीम में, उप निरीक्षक रवि प्रताप मिश्र को सहतवार से डायल 112, कांस्टेबल शिव प्रसाद यादव को हल्दी से डायल 112, बलिराम को पुलिस लाइन से डायल 112, शेषनाथ भारती को बांसडीह से डायल 112, शशांक यादव को डायल 112 के लिए स्थानांतरित किया गया है।

युवाओं के अंदर की क्षमता को रचनात्मक दिशा में लगाने की है आवश्यकता: सुजीत

केटी न्यूज/गाजीपुर

- तीन दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में तीन दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्धा हॉस्टल छावनी लाइन में दीप प्रज्वलन कर किया गया।

शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुजीत कुमार अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गाजीपुर ने जनपद के विभिन्न विकास खंडों से शिविर में प्रतिभाग कर रहे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की जैसी सोच होगी वैसा ही देश बनेगा। भारत में कुल आबादी का एक बहुत बड़ा भाग युवाओं का है। युवाओं के अंदर अपार क्षमता होती है, आवश्यकता है उनकी क्षमता को रचनात्मक दिशा में लगाने की। नेहरू युवा केन्द्र गाजीपुर युवाओं के नेतृत्व क्षमता के विकास का कार्यक्रम चला रहा है, एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने शुभकामना व्यक्त किया कि प्रशिक्षण अपने उद्देश्य में सफल हो। अध्यक्षीय संबोधन में अनिल कुमार श्रीवास्तव खंड विकास अधिकारी सदर ने कहा कि नेतृत्व की आवश्यकता जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में होती है। आप भीड़ का हिस्सा न बने, बल्कि आप जहां खड़े हो जाएं वहीं से भीड शुरू हो। इस तरह की नेतृत्व क्षमता अपने अंदर विकसित करें।

उन्होंने आह्वान किया कि समुदाय की मदद के लिए युवा आगे आए। नेहरू युवा केंद्र गाजीपुर के उपनिदेशक कपिल देव ने सभी का स्वागत किया तथा तीन दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की ।लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चंद्र प्रसाद ने विषय प्रवर्तन किया। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत नेहा चौहान आशा निकहत जहां एवं स्नेह लता ने किया। इस अवसर पर जयराम यादव अध्यक्ष स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट, पवन कुमार पंचायत सेक्रेट्री, पारसनाथ सिंह यादव प्रशिक्षण, रंजीत प्रजापति, उपस्थित थे। संचालन अगद सिंह यादव एवं सभी के प्रति आभार बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। २

गाजीपुर जिलाधिकारी ने उद्यमियों के साथ की बैठक, नंदगंज औद्योगिक क्षेत्र के भूखंड का किया भौतिक सत्यापन

बंद इकाईयों को 10 दिन में संचालित करने के लिए भेजा जाएगा नोटिस

- उद्यमियों को आवंटित किए गए हैं 53 भूखंड, जिसमें 28 भूखंड कार्यरत
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्यमियों के प्रस्ताव किए जाएंगे शामिल

केटी न्यूज/गाजीपुर

उद्यमियों के साथ बैठक करती जिलाधिकारी

जिला उद्योग बंधु/व्यापार बंधु की बैठक बुधवार देर सायं राइफल क्लब के सभागार में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हई। जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा एवं निर्णय लिया गया। बैठक में राजकीय औद्योगिक स्थान नंदगंज गाजीपुर में आवंटित भूखंड की इकाईयों के गतिविधियों के सत्यापन के संबंध में उपायुक्त उद्योग द्वारा जिलाधिकारी के निदेशानुसार औद्योगिक क्षेत्र नंदगंज की इकाईयों की गतिविधियों का स्थलीय सत्यापन किया गया था, जिसमें कुल 53 भूखंड निर्मित हैं तथा उद्यमियों को आवंटित किया गया है। भूखंडवार जांच आख्या बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा उपलब्ध कराया गया, जिसमें 28 भूखंड कार्यरत, 18 भूखंड बन्द, तीन भूखंड रिक्त तथा चार भूखंड यूपीएफसी वाराणसी द्वारा बंधक है। जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि बंद इकाईयों को 10 दिन का अवसर देते हुए इकाईयों को संचालित करने/आवश्यक कार्रवाई करने के लिए नोटिस जारी करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर समय-सीमा के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन में-03, श्रम विभाग में-06, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में-01, कृषि विभाग में-05, अग्निशमन विभाग में-05, एमएएमई विभाग में-05, इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी में-16, रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटी एंड चिट्स में-02, विद्युत सुरक्षा निदेशालय में-01, बाट माप विभाग में-04, ग्राउंड वाटर विभाग में-01, बोर्ड आफ रेवन्यू में-01 तथा समय-सीमा पश्चात कृषि विभाग में-01, ग्राउण्ड वाटर विभाग में-01, बोर्ड आफ रेवन्यू में-01 प्रकरण पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को संबंधित विभाग द्वारा समय-सीमा के अन्तर्गत निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के लक्ष्य एवं ओडीओपी प्रदर्षनी के संबंध में चर्चा पर उपायुक्त उद्योग, द्वारा समिति को अवगत कराया गया था कि माह फरवरी, 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का लक्ष्य 200 करोड़ पूंजी निवेश निर्धारित किया गया है। इस समिट में उद्यमियों के जो भी प्रस्ताव होगें उसे शामिल किया जायेगा। जिसके सापेक्ष जनपद के 25 उद्यमियों द्वारा रू0 143.38 करोड़ निवेश किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है एवं इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एण्ड फैसिलिटेशनन एजेंसी में पंजीकरण कराया गया है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उद्यमियों को अनुदेशित किया गया कि अवशेष निवेश के लिए प्रयास करके लक्ष्य को माह दिसम्बर, 2022 तक पूर्ण करें। बैठकविद्युत से संबंधित समस्याओं पर उद्यमियों द्वारा समिति को अवगत कराया गया। जिसपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड प्रथम को निर्देश दिया गया कि विद्युत से सम्बन्धित समस्या 30 दिसंबर 2022 तक निस्तारित करना सुनिश्चित करें। बैठक में जनपद के उद्यमीगण एंव संबंधित जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।